# अध्याय 21: उष्णकटिबंधीय चक्रवात और तूफ़ान की चेतावनियां

## उष्णकटिबंधीय चक्रवात के चेतावनी संकेत

हांगकांग में, उष्णकटिबंधीय चक्रवात सामान्यतः मई से नवंबर के महीनों में आते हैं। उष्णकटिबंधीय चक्रवात के चेतावनी संकेत इससे जुडी हवाओं के खतरे के प्रति जनता को चेतावनी देने के लिए होते हैं। हांगकांग के अलग-अलग हिस्सों में मौसम के बारे में केवल जारी किए गए संकेत से अनुमान नहीं लगाया जा सकता है। केवल यह जान लेना कि संकेत जारी किया गया या नहीं पर्याप्त नहीं है। आपको जारी किए गए संकेत के जवाब में कार्यवाही करने का निर्णय करने के लिए रेडियो और टीवी पर उष्णकटिबंधीय चक्रवात की नवीनतम सूचना और संबंधित घोषणाओं, हांगकांग वेधशाला की इंटरनेट वेबसाइट (www.hko.gov.hk और www.weather.gov.hk), पर दी गई सूचना और Dial-a-Weather प्रणाली (Tel: **1878-200**) और मोबाइल ऐप "MyObservatory" पर दी गई सूचना का ध्यान रखना होगा। निम्नलिखित तालिका उष्णकटिबंधीय चक्रवात से संबंधित चेतावनी संकेतों का अर्थ बताती है:

| संकेत | चिह्न | अर्थ |
|---|---|---|
| 1 | T | स्टैंडबाई संकेत |
| 3 | ⊥ | जोरदार हवाएं |
| 8 NW | ▲ | उत्तरपश्चिम से आंधी या तूफानी हवाएं |
| 8 SW | ▼ | दक्षिणपश्चिम से आंधी या तूफानी हवाएं |
| 8 NE | ▲▲ | उत्तरपूर्व से आंधी या तूफानी हवाएं |
| 8 SE | ▼▼ | दक्षिणपूर्व से आंधी या तूफानी हवाएं |
| 9 | ▼▲ | आंधी में वृद्धि या तूफानी हवाएं |
| 10 | + | बवंडर की ताकत वाली हवाएं |

***ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण बिंदु:***

- स्थालाकृतिक स्थितिओं या पास मेन इमारतों की उपस्थिति के कारण, आपके इलाके में हवाएं हांगकांग में सामान्य ताकत से बहाने वाली हवा से काफ़ी हद तक भिन्न हो सकती हैं। समुद्र के किनारे से दूर या ऊंचे मैदान में हवाएं अक्सर ताकतवर हो सकती हैं।
- हांगकांग वेधशाला जनता को विविध चैनलों विशेषतः इंटरनेट के माध्यम से क्षेत्रीय हवा तथा बरसात के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करती है। जन सामान्य को चेतावनी के एवज में एहतियाती कदम उठाते समय अपनी स्वयं की परिस्थितियों तथा स्वीकार्य जोखिम स्तर पर विचार करना चाहिए।
- जब 1 नं. संकेत जारी किया जाता है तो आपको अपनी गतिविधियों की योजना बनाते समय उष्णकटिबंधीय चक्रवात की मौजूदगी को ध्यान में रखना चाहिए और सावधानी बरते क्योंकि किनारे से दूर समुद्र में ताकतवर हवाएं चल सकती है।
- जब 3 नं. संकेत जारी किया जाता है तो खुले में वस्तुओं विषेकर बालकनी तथा छत पर पड़ी वस्तुओं को सुरक्षित करें। होर्डिंग, मचान और कच्चे ढांचों को सुरक्षित करें। किनारे से दूर समुद्र में और ऊँचे मैदानों में हवाएं प्रचंड अंधड़ का रूप धारण कर सकती हैं।
- जब 8 नं. संकेत जारी किया जाता है तो आंधी शुरू होने से पहले सभी सावधानियां पूरी कर लें।
- जब 9 नं. या 10 नं. संकेत जारी किया जाता है तो सभी सावधानियां पूरी कर लेनी चाहिए। उड़ती हुई चीजों से बचने के लिए घर के भीतर और खुली खिडकियों तथा दरवाजों से दूर रहें।
- उष्णकटिबंधीय चक्रवात से जुड़े खतरों पर अन्य जानकारी जैसे तूफानी लहर, बाढ़ आदि आवश्यकता पड़ने पर चेतावनी बुलेटिन में शामिल की जा सकती है।
- यद्यपि उष्णकटिबंधीय तूफान हांगकांग से दूर चला गया है, यह हांगाकंग में विभिन्न स्तरों के खतरे ला सकता है। इसमें छुपे खतरे हो सकते हैं। आम जनता को व्यक्तिग सुरक्षा की आश्वस्ति के लिए सर्तक रहना चाहिए।

**तूफ़ान संबंधी चेतावनी संकेत**

चेतावनी के तीन स्तर हैं: ऐंबर, लाल और काला।

ऐंबर संकेत संभावित भारी वर्षा की चेतावनी देता है जो लाल या काले संकेत की स्थितियों में तब्दील जो सकती है। कुछ निचले तथा ख़राब निकासी वाले

इलाकों में बाढ़ आ सकती है। भारी वर्षा के कारण अचानक बाढ़ भी आ सकती है। भारी वर्षा से अचानक बाढ़ भी आ सकती है।

लाल या काले संकेत चेतावनी देते हैं कि भारी वर्षा के कारण सडकों पर अत्यधिक पानी जमा हो सकते हैं और यातायात में रूकावट उत्पन्न हो सकती है।

*ऐंबर रंग का तूफ़ान चेतावनी संकेत*

हांगकांग पर सामान्य तौर पर भारी वर्षा एक घंटे में 30 मिलीमीटर से अधिक, हुई है या होने की संभावना है, और इसके जारी रहने की संभावना है।

*कार्यवाही:*

- भारी वर्षा से अचानक बाढ़ आ सकती है। लोगों को पानी के प्रवाह से दूर रहना चाहिए। जिन लोगों के बाढ़ से प्रभावित होने की संभावना है, उन्हें नुकसान से बचने के लिए आवश्यक सावधानियां बरतनी चाहिए।
- मौसम, सड़क और यातायात की स्थितियों के बारे में रेडियो या टेलीविजन पर की जा रही घोषनाएं सुनें।

*लाल रंग का तूफ़ान चेतावनी संकेत*

हांगकांग पर सामान्य तौर पर भारी वर्षा एक घंटे में 50 मिलीमीटर से अधिक, हुई है या होने की संभावना है, और इसके जारी रहने की संभावना है।

*कार्यवाही:*

- खुले इलाकों में काम करने वाले कर्मचारी बरसात की चपेट में आ सकते हैं, अगर मौसम की स्थितियों से ऐसा लगे तो उन्हें बाहर का काम छोड़ देना चाहिए।
- जिन लोगों को यात्रा करनी है उन्हें मौसम तथा सड़क की स्थितयों का ध्यान रखना चाहिए।
- भारी वर्षा से अचानक बाढ़ आएगी, और पानी के प्रवाह में बाढ़ आ रही है या आने की उम्मीद है। लोगों को पानी के प्रवाह से दूर रहना चाहिए। नदियों के आसपास रहने वाले निवासियों को मौसम की स्थितियों के प्रति सचेत रहना चाहिए और यदि उनके घरों में बाढ़ आ सकती है तो उन्हें अपने घर खली कर देने चाहिए।

- यदि कार्य समय से पूर्व लाल संकेत जारी किया जाता है, तो कर्मचारियों को सामान्य की तरह काम पर रिपोर्ट करना चाहिए, बशर्ते कि परिवहन सेवाएं उपलब्ध हैं। सुपरवाइजरों को लचीला रवैया अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है यदि उनके स्टाफ को काम पर समय पर पहुँचने में वास्तव में कठिनाई हो रही है।
- यदि कार्यालय समय के दौरान लाल संकेत जारी किया जाता है, तो भीतर काम करने वाले कर्मचारियों को सामान्य की तरह ड्यूटी पर रहना चाहिए जब तक कि ऐसा करना खतरनाक न हो जाए। ऐसे क्षेत्रों में जहां परिवहन सेवाओं को निलंबित किए जाने की संभावना है, कर्मचारियों को सुपरवाइजर के विवेक से विशेष रूप से छोड़ दिया जाना चाहिए। अपने विवेक का इस्तेमाल करते हुए सुपरवाइजर को मौसम तथा सड़क की स्थितियों को ध्यान में रखना चाहिए।

***काले रंग का तूफ़ान चेतावनी संकेत***

हांगकांग पर सामान्य तौर पर भारी वर्षा एक घंटे में 70 मिलीमीटर से अधिक, हुई है या होने की संभावना है, और इसके जारी रहने की संभावना है।

***कार्यवाही:***

- भीतर रहें या किसी सुरक्षित स्थान में आश्रय लें जब तक कि भारी वर्षा रुक नहीं जाती है।
- भारी वर्षा से अचानक बाढ़ आएगी, और पानी के प्रवाह में बाढ़ आ रही है या आने की उम्मीद है। लोगों को पानी के प्रवाह से दूर रहना चाहिए। नदियों के आसपास रहने वाले निवासियों को मौसम की स्थितियों के प्रति सचेत रहना चाहिए और यदि उनके घरों में बाढ़ आ सकती है तो उन्हें अपने घर खली कर देने चाहिए।
- खुले इलाकों में काम करने वाले कर्मचारियों को काम छोड़ देना चाहिए और आश्रय लेना चाहिए।
- नियोक्ताओं को अपने कर्मचारियों को तब तक काम पर नहीं जाने की सलाह देनी चाहिए जब तक कि तूफ़ानों के दौरान कार्य की व्यवस्था के सम्बन्धी पूर्व समझौता नहीं किया जाता है।
- जो लोग पहले से काम पर हैं उन्हें वहीं बने रहना चाहिए जहां वे हैं अन्यथा ऐसा करना खतरनाक हो सकता है।

## भूस्खलन की चेतावनी

हांगकांग वेधशाला भू-तकनीकी इंजीनियरिंग कार्यालय के सहयोग से भूस्खलन की चेतावनी जारी करेगी जब निरंतर भारी वर्षा के कारण अनेक भूस्खलनों का भारी जोखिम हो। यदि आपको भूस्खलन के खतरे के कारण घर खाली करने की सूचना प्राप्त हुई है या आपका मानना है कि अस्थिर ढलान या रिटेनिंग दीवार या ऊपर लटकते शिलाखंडो के कारण आपका घर खतरे में हैं, तो आपको सुरक्षित आश्रय पर जाने की तत्काल व्यवस्था करनी चाहिए।

## उत्तरी नए क्षेत्रों में बाढ़ संबंधी विशेष घोषणाएं

हांगकांग वेधशाला उत्तरी नए क्षेत्रों में बाढ़ के लिए एक विशेष घोषणा जारी करेगी जब भी भारी वर्षा के कारण यह क्षेत्र को प्रभावित करती है और उत्तरी नए क्षेत्रों के निचले मैदानों में जल भराव हो रहा हो या इसकी संभावना होती है। विशेष घोषणा का प्रयोजन आम जनता को बाढ़ के प्रति एहतियाती उपाय करने के लिए सजग करना और किसानों, मछुआरों, इंजीनियरों, ठेकेदारों को सतर्क करना है जिन्हें बाढ़ से नुक़सान होने की संभावना है। यह घोषणा सम्बद्ध सरकारी विभागों और संगठनों को उचित कार्रवाई करने के लिए जैसे अस्थाई आश्रय बनाने, खोज और बचाव अभियान, एकल स्कूलों को बंद करने और राहत कार्य करने के लिए भी सतर्क करती है। यह अन्य गंभीर मौसम चेतावनियों जैसे उश्णकटिबंधीय चक्रवात संकेतों या तूफान चेतावनी संकेतों के प्रभावी होने पर भी जारी की जाती है।

## स्थानिक भारी वर्षा की घोषणाएं

उत्तरी नए क्षेत्रों में बाढ़ की विशेष घोषणा का संदर्भ देते हुए, स्थानिक भारी वर्षा की घोषणा जारी करना क्षेत्रीय वर्षा के रिकॉर्ड किए जाने पर आधारित है, उदाहरण के लिए हांगकांग के किसी एक जिले में एक घंटे में 70 मिलीमीटर या अधिक मात्रा में वर्षा रिकॉर्ड होना जो जिलों में बाढ़ और जोखिम ला सकता है। यदि भारी वर्षा का समान्य रूप से हांगकांग पर प्रसार नहीं होता है और एक लाल या काला भारी वर्षा चेतावनी संकेत के मानदंड तक नहीं पहुँचता है, वेधशाला स्थानिक भारी वर्षा की घोषणा जारी करेगी, जिसमें प्रभावित जिलों और रिकॉर्ड की गई संबंधित वर्षा दर्शाते हुए जनता भारी वर्षा के कारण संभावित बाढ़ के लिए सतर्क किया जाता हे ताकि एहतियाती उपाय किए जाएं। यह घोषणा संबंधित सरकारी विभागों को उचित प्रतिक्रियात्मक कार्रवाई जैसे

संबंधित जिलों में बाढ़ के प्रभाव को कम करने के आपात उपाय करने की भी याद दिलाती है।

## मौसम संबंधी जानकारी प्राप्त करने के तरीके

| | |
|---|---|
| Dial-a-weather प्रणाली | **1878-200** |
| हांगकांग वेधशाला की वेबसाइट | www.hko.gov.hk<br>www.weather.gov.hk |
| Mobile App "MyObservatory" | www.hko.gov.hk/myobservatory_e.htm<br>या नीचे QR कोड स्कैन करें |

iPhone　　Android　　Windows Phone

## गृह विभाग (HAD) आपातकालीन राहत सेवाएं

उष्णकटिबंधीय चक्रवात चेतावनी संकेत 8 नं. या ऊपर, भूस्लखन चेतावनी या लाल/काला तूफानी वर्षा संकेत प्रभावी होने के स्थिति में गृह विभाग का आपातकालीन समन्वय केंद्र आपातस्थिति हॉटलाइन 2835-1473 के साथ लोगों के संबंधित पूछताछ का जवाब देने और सहायता प्रदान करने के लिए चौबीस घंटे सक्रिय होगा।

## अस्थायी आश्रय

आपात स्थितियों के समय जब और जहां आवश्यक होगा जिला अधिकारी(यों) के विवेकानुसार विस्थापितों और पीड़ितों के लिए उपयुक्त अस्थाई आश्रयस्थल खोले जाएंगे।

सर्दी पड़ने या भयंकर गर्म रातों के दौरान लोगों के शरण लेने के लिए हम अस्थाई कोल्ड शेल्टर अस्थाई रात्रि गर्मी शेल्टर भी खोलते हैं। जहां उपयुक्त हो आश्रय में रहने वालों को कंबल और गद्दे उपलब्ध करवाए जाएंगे।

## आपात समन्वय केंद्र

गृह विभाग के आपात समन्वय केंद्र अन्य विभागों और एजेंसियों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करने के लिए कार्य करते हैं कि उनकी कार्रवाइयां आपातकालीन राहत प्रदान करने, और प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को आवास प्रदान करने में समुचित रूप से समन्वित हैं।

प्रमुख आपात घटनाओं जैसे 3 नं. या उच्च अग्नि चेतावनी अलार्म होने पर अंतर-विभागीय आपातकालीन राहत प्रयासों में समन्वय करने के लिए घटनास्थल या अस्पतालों में हेल्प-डेस्क भी स्थापित किए जाएंगे।